राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 05 सितम्बर। उदयपुर में आयोजित कांग्रेस के नव संकल्प शिविर में लिये गये निर्णयों के अनुसरण में दिनांक 07 सितम्बर, 2022 से कांग्रेस नेता श्री राहुल गाँधी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी द्वारा कन्याकुमारी से कश्मीर तक 150 दिवसीय, 3500 किलोमीटर की **भारत जोड़ो पदयात्रा** निकाली जायेगी। भारत जोड़ो पदयात्रा से पूर्व एक माह तक राजस्थान के प्रत्येक गाँव, ढाणी, ब्लॉक एवं वार्डों में कांग्रेस कार्यकर्ता इस यात्रा के उद्देश्य को लेकर पदयात्रायें निकालकर जन-जागरण का कार्य करेंगे तथा जब श्री राहुल गाँधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो पदयात्रा राजस्थान में प्रवेश करेगी तो राजस्थान के समस्त कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता श्री राहुल गाँधी द्वारा निकाली जा रही इस पदयात्रा में शामिल होंगे।

उक्त विचार राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर पर आयोजित प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुये व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा राजस्थान प्रवेश के पश्चात् 21 दिन प्रदेश में निकलेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने अपने 8 वर्ष के कार्यकाल में चुनाव पूर्व जनता से किये गये वादों को पूरा नहीं किया है और ना ही मंहगाई, बेरोजगारी जैसी मुख्य समस्याओं का कोई निदान निकाला है। उन्होंने कहा कि आज देश में भाईचारा समाप्त किया जा रहा है, केन्द्र सरकार संविधान की मूल भावनाओं के विरूद्ध कार्य करते हुये जनता में डर, भय और वैमनस्य बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि देश में आज भय की भावना है कि भारत को भी श्रीलंका की तरह तबाह करने के लिये भाजपा उतावली हो रही है। उन्होंने कहा कि आज देश की जनता चाहती है कि भारत में बाबा साहब द्वारा प्रदत्त संविधान के अनुरूप कार्य हों तथा केन्द्र सरकार आमजनता के हित में जनकल्याणकारी कार्य करे, किन्तु केन्द्र सरकार द्वारा आमजनता के हितों को भुला दिया गया है, देश में भय व डर का माहौल है, लोकतंत्र को खोखला किया जा रहा है, जिस कारण कांग्रेस नेता श्री राहुल गाँधी के नेतृत्व में कन्याकुमारी से कश्मीर तक 3500 किलोमीटर की पदयात्रा कांग्रेस द्वारा निकाली जा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ही सभी लोगों को साथ लेकर देश को विकास के पथ पर लाने का कार्य कर सकती है।

प्रेसवार्ता को राज्यसभा सदस्य श्री प्रमोद तिवाड़ी ने भी सम्बोधित किया। श्री तिवाड़ी का वक्तव्य संलग्न है।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter